# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, सोमवार, 11 मई 2026


## एक नजर में

### मौसम के कारण सब्जियां हो रहीं खराब

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 24 घंटो के दौरान ओलावृष्टि गरज चमक के साथ वर्षा होने तथा आंधी-तूफान 50-60 किमी प्रति घंटा चलने तथा उसके बाद मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्सेण् के आस.पास तथा रात का न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिसे के आस-पास रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 3 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं। जिसके चलते टमाटर, मिर्च तथा बैगन की फसल में चुर्रा-मुर्रा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है।**

आगामी 24 घंटो के दौरान ओलावृष्टिए गरज चमक के साथ वर्षा होने तथा तेज हवायें से खड़ी फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे पकी हुई फल एवं सब्जियों की कटाई का कार्य शीघ्र करें तथा कमजोर फ्सलों को सहारा दें। मूंग में रसचूसक कीट का प्रकोप देखा जा रहा है, अत: किसान भाई फ्सल का निरीक्षण करें तथा पाये जाने पर बचाव हेतु, इमिडाक्लोप्रिड दवा की 0.5 मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। जिन किसान भाईयों ने खाली खेतों की जुताई नहीं की हो वे बिगत सप्ताह में हुई बर्षा से प्राप्त नमी का लाभ लेते हुए जुताई का कार्य करें।

# अरिहंत सोनोग्राफी की गलत रिपोर्ट पर उठने लगे सवाल

**कई शिकायतों के बाद भी नहीं हुई ठोस कार्यवाही**

**आखिर इनकी जांच रिपोर्ट क्यों निकल रही गलत?**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनियमित्ताये थमने का नाम नही ले रही इसका कारण यह है कि कोई पीड़ित अगर चिकित्सकों से संबंधित लापरवाही की कोई शिकायत दर्ज कराता है तो उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है, जिससे चिकित्सकों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय पर स्थित अरिहंत अल्ट्रासाउण्ड एवं सोनोग्राफी सेंटर से निकलकर सामने आया है। अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक ने मानवता की सारी हदों को पार करके रख दिया है। जिसके चलते ग्राम यूपी के बानपुर स्थित ग्राम पाह के एक ग्रामीण ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत करते हुए अरिहंत अल्ट्रासांउड एवं सोनोग्राफी सेंटर संचालक पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने सोनोग्राफी सेंटर के संचालक गलत जांच रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है।**




शिकायतकर्ता ग्राम पाह बानपुर यूपी निवासी चंद्रपाल घोष ने आवेदन में शहर के एक निजी सोनोग्राफी सेंटर पर गलत और भ्रामक रिपोर्ट देने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी जांच केंद्रों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ स्थित अरिहंत सिटी स्कैन एवं सोनोग्राफी सेंटर में 1 अप्रैल 2026 को चंद्रपाल धोष निवासी ग्राम पाठा बानपुर, जिला ललितपुर उप्र का अल्ट्रासाउंड कराया गया था। आरोप है कि सेंटर द्वारा दी गई रिपोर्ट में मरीज को गंभीर बीमारियों से ग्रसित बताया गया। रिपोर्ट में 8.9 एमएम की पथरी, किडनी में सूजन , लीवर बढ़ना और सिरोसिस जैसी गंभीर समस्याएं दर्शाई गईं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रिपोर्ट देखने के बाद परिवार घबरा गया और मरीज मानसिक तनाव में आ गया। रिपोर्ट की गंभीरता को देखते हुए 9 अप्रैल 2026 को मरीज की दोबारा जांच टीकमगढ़ के ही एक अन्य डायग्नोस्टिक सेंटर में कराई गई। दूसरी जांच में पहले सेंटर की रिपोर्ट पूरी तरह गलत बताई गई। नई रिपोर्ट में किडनी, गॉलब्लैडर और लीवर को सामान्य बताया गया तथा किसी प्रकार की पथरी या गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मात्र आठ दिनों के भीतर 8.9 एमएम की पथरी पूरी तरह खत्म हो जाना और पहली रिपोर्ट में लीवर बढ़ा हुआ दिखाना जबकि दूसरी रिपोर्ट में सब कुछ सामान्य होना, पहली जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### पीड़ित लेगा न्यायालय की शरण

मरीज को अनावश्यक उपचार और ऑपरेशन की आशंका बनी रही। परिवार को भारी मानसिक तनाव झेलना पड़ा। दोबारा जांच और इलाज की प्रक्रिया में आर्थिक नुकसान भी हुआ। पीड़ित ने स्वास्थ्य विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य मरीज के साथ ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हलचल तेज हो गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है। पीड़ित ने बताया कि वह इस मामले में न्यायालय की शरण लेगा।

### मरीज को हुआ मानसिक तनाव

शहर में स्थित अरिहंत सिटी स्कैन एवं सोनोग्राफी सेंटर में 1 अप्रैल 2026 को चंद्रपाल धोष निवासी ग्राम पाठा बानपुर, जिला ललितपुर उप्र का अल्ट्रासाउंड कराया गया था। आरोप है कि सेंटर द्वारा दी गई रिपोर्ट में मरीज को गंभीर बीमारियों से ग्रसित बताया गया। रिपोर्ट में 8 .9 एमएम की पथरी, किडनी में सूजन , लीवर बढ़ना और सिरोसिस जैसी गंभीर समस्याएं दर्शाई गईं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रिपोर्ट देखने के बाद परिवार घबरा गया और मरीज मानसिक तनाव में आ गया। रिपोर्ट की गंभीरता को देखते हुए 9 अप्रैल 2026 को मरीज की दोबारा जांच टीकमगढ़ के ही एक अन्य डायग्नोस्टिक सेंटर में कराई गई।

### सीएमएचओ मामले की करेंगे जांच



शहर की अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर की गड़बड़ी की शिकायत संज्ञान में आई है। इस मामले की जांच टीकमगढ़ के सीएमएचओ करेंगे। जांच में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं की जाएगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

**विवेक श्रोत्रिय**
**कलेक्टर, टीकमगढ़**

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### प्रभारी की फटकार, कार्यकर्ता की आंखों में आंसू

टीकमगढ़ में कुछ दिन पूर्व एक राजनीतिक पार्टी के संभाग प्रभारी के दौरे के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता अपनी समस्याएं लेकर उनसे मिलने पहुंचे। कार्यकर्ता को उम्मीद थी कि उनकी बात गंभीरता से सुनी जाएगी, लेकिन हुआ इसका उल्टा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संभाग प्रभारी ने उनकी समस्या सुनने के बजाय उन्हें जमकर फटकार लगा दी। बताया जा रहा है कि डांट इतनी तीखी थी कि वरिष्ठ कार्यकर्ता की आंखों से आंसू छलक पड़े। बैठक कक्ष से बाहर निकलते ही वे खुद को संभाल नहीं सके और फूट-फूटकर रोने लगे। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद कार्यकर्ता और समर्थक भी हैरान रह गए। घटना के बाद पार्टी के अंदर नाराजगी और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्षों से पार्टी के लिए मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ ऐसा व्यवहार संगठन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

### साहब की मीठी बोली से कहीं शुगर न हो जाए

प्रशासनिक गलियारों में एक अधिकारी की मिठास जमकर चर्चा में है। साहब के पास कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या या काम लेकर पहुंच जाए, तो आधी परेशानी तो उनके मीठे बोल ही दूर कर देते हैं। लोगों का कहना है कि साहब इतने विनम्र अंदाज़ में बात करते हैं कि सामने वाला यही महसूस करने लगता है कि अब तो काम तुरंत हो जाएगा। साहब की भाषा में इतनी मिठास घुली है कि अगर कोई रोज उनकी बातें सुन ले, तो कहीं उसे शुगर की बीमारी ही न हो जाए! दफ्तर में आने वाले लोग भी साहब के व्यवहार की तारीफ करते नहीं थकते। कोई उन्हें मिस्टर स्वीट कह रहा है, तो कोई चीनी से भी मीठे अफसर का तमगा दे रहा है। हालांकि साहब की कानाफूसी की मिठास सिर्फ बातों तक सीमित नहीं है, बल्कि फाइलों में भी उतनी ही तेजी दिखाई देती है, इसका जवाब तो आने वाले दिनों में ही मिलेगा। फिलहाल टीकमगढ़ में साहब की मीठी वाणी लोगों की चर्चा का विषय बनी हुई है।।

### ...आखिर में बात अस्पताल में डस्टबिन रखने के सुझाव की .

...आखिर में बात कर लेते हैं जिला अस्पताल में फैली गंदगी को समाप्त करने के लिए वहां डस्टबिन रखवाए जाने की . अस्पताल में फैली गंदगी को देख मरीजों का सुझाव है कि हर दो पलंगों के बीच एक डस्टबिन रख जाए, तो शायद इससे अच्छा स्वच्छ स्थान कोई नहीं होगा। मरीजों का सुझाव तो बढ़िया पर क्या इस पर पालन होगा।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# रेडीमेड कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग, सामान खाक

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। दिगौड़ा कस्बे में रविवार को मेन मार्केट स्थित एसआर जींस कलेक्शन की दुकान में भीषण आग लग गई। पुरानी पुलिस चौकी के पास हुई घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।**

आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और उन्होंने शटर के ताले तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर लिधौरा से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, जिसने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।सूचना मिलने पर तहसीलदार प्राची जैन ने सदर पटवारी इकबाल खान के साथ दुकान का निरीक्षण किया और दुकानदार को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया।दुकान मालिक रुद्रांश मिश्रा उर्फ लालू ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण उनकी कपड़े की दुकान में आग लगी। इस घटना में दुकान में रखे कपड़े और अन्य सामान जल गए, जिससे उन्हें करीब 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।



मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना से पहले बिजली लाइन में अचानक फॉल्ट हो गया था और अत्यधिक वोल्टेज आने से मोहल्ले में कई घरों के बिजली उपकरण भी जल गए। लोगों ने आरोप लगाया कि इसी फॉल्ट के कारण दुकान में आग लगी। उन्होंने जिम्मेदार बिजली कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# शिक्षण एवं बाल संस्कार शिविर का समापन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मंदिर में परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण मुनि विकौशल सागर जी महाराज के सानिध्य में प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 2 मई से 10 मई तक प्राकृत शिक्षण एवं बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में बच्चों को तत्वार्थ सूत्र,समयसार, द्रव्यसंग्रह तथा अन्य जैन शास्त्रों की शिक्षा प्रदान की गई। साथ ही प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि का भी अध्ययन कराया गया। बच्चों को प्रतिदिन प्रात: अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन का प्रशिक्षण भी दिया गया। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन हेतु रात्रि में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा स्वल्पाहार की भी उत्तम व्यवस्था रही। पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित की गई एवं सभी शिविरार्थियों की एक भव्य रैली भी निकाली गई। फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा पंचवर्षीय कोर्स के बैनर का विमोचन भी किया गया।



## अनेक स्थानों पर बिजली रही बंद

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। शहर में रविवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों में दो घंटे तक बिजली गुल रही। कलेक्ट्रेट सब स्टेशन पर जरूरी मेंटेनेंस और सुधार कार्य के चलते सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बिजली बंद रखने का फैसला लिया गया था।**

वैशाली, हॉस्पिटल, कलेक्ट्रेट और अनंतपुरा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सप्लाई बंद रही। इसमें मुख्य रूप से जिला अस्पताल, अस्पताल चौराहा, होटल तेज, कलेक्ट्रेट परिसर, जज कॉलोनी, सुभाष पुरम, गणेशपुरम, वैशाली नगर, जेएमके कॉलोनी और शिवनगर सहित आसपास के इलाके शामिल रहे। शहर इंचार्ज नितिन बाथम ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हो रही तेज हवा और बारिश की वजह से बिजली की लाइनों में काफी खराबी आई है।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। तहसील बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलसी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों एवं आवेदकों द्वारा आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत भवन के बाजू से लगी करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की कार्रवाई की जा रही है।**

जानकारी के अनुसार, खसरा नंबर 1185/3, 1184/3, 1186/4 एवं 1267 की भूमि, जो खरगापुर-बल्देवगढ़ मुख्य मार्ग से लगी हुई है, उस पर जुगल कुशवाहा तनय कुत्तला कुशवाहा द्वारा अतिक्रमण किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त भूमि व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं करोड़ों रुपये मूल्य की है। आवेदकों का आरोप है कि मामले की शिकायतें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन हर बार आवेदन लेनदेन के चलते ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं। वहीं, पटवारी की मिलीभगत से अतिक्रमण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और शासकीय भूमि को ठिकाने लगाने की कोशिश किए जाने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शासकीय भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस चर्चित मामले में क्या कदम उठाता है और कब तक शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त हो पाती है।



बल्देवगढ़। तहसील बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलसी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों एवं आवेदकों द्वारा आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत भवन के बाजू से लगी करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की कार्रवाई की जा रही है।

# हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित

**सुभाष पुरम कॉलोनी में हो रहा धार्मिक आयोजन**

**आज भंडारे के साथ होगा कार्यक्रम का समापन**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से नए मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई। यह समारोह 6 मई से शुरू हुआ है और 11 मई तक चलेगा।**

हनुमान जी महाराज की यह प्रतिमा आशीर्वाद मुद्रा में है। बनारस से आए प्रतिष्ठा आचार्य पंडित रामानंद महाराज ने बताया कि दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज की आशीर्वाद देती हुई यह प्रतिमा सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली सिद्ध होगी।प्राण प्रतिष्ठा से पहले शनिवार को हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का सहस्त्र धारा स्नान कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हजार छिद्र वाले पात्र में पानी भरकर अर्पित किया। इसके बाद शाम को प्रतिमा का भ्रमण कराया गया और रात में शय्यदिवास अनुष्ठान संपन्न हुआ।आयोजन समिति ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिष्ठाचार्य के तौर पर बनारस के पंडित रामानंद महाराज सभी कार्यक्रम संपन्न करा रहे हैं।



पंडित विनोद चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि पंडित शिवकुमार अग्निहोत्री, पंडित जयराम चतुर्वेदी, मयंक मिश्रा, संस्कार शुक्ला और ज्ञान पुरोहित यज्ञ अनुष्ठान के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पूर्ण करा रहे हैं। मुख्य यजमान उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि रविवार सुबह हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके साथ ही यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति भी हुई।11 मई को कन्या भोज और भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसके बाद यह छह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से नए मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई। यह समारोह 6 मई से शुरू हुआ है और 11 मई तक चलेगा। सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में नव निर्मित हनुमान जी महाराज के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को हनुमान प्रतिमा का सहस्त्रधारा स्नान कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए हजार छिद्र वाले पात्र में जल भरकर प्रतिमा पर अर्पित किया।

**हड़ताल** — **24 घंटे में व्यवस्था सुधारने की ठेकेदार ने कही बात**

# कर्मचारियों की हड़ताल से अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिसके कारण अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रविवार को अस्पताल परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं।**

सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को अस्पताल चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने उनसे मुलाकात कर मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारी काम पर नहीं लौटे।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, पांच दिन पहले सफाई का ठेका बदला गया है। प्रबंधन का आरोप है कि सफाई कर्मचारी नए ठेकेदार पर दबाव बनाने के लिए मनमानी मांगें रख रहे हैं। प्रबंधन ने बताया कि कर्मचारियों की कुछ मांगें अनुचित हैं, जैसे उन्हें काम से नहीं हटाया जा सकता, एक परिवार के कई सदस्यों को काम पर रखा जाए, और पहले हटाए गए खराब प्रदर्शन वाले कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त किया जाए। व्यवस्था बहाल करने के लिए ठेकेदार ने बाहर से 10 सफाई कर्मचारियों को बुलाया था, लेकिन हड़ताली स्थानीय कर्मचारियों ने उन्हें काम नहीं करने दिया। इस संबंध में ठेकेदार ने कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि अगले 24 घंटे में अस्पताल की सफाई व्यवस्था पटरी पर लौट आएगी। इस मामले को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला से बात की है। सिविल सर्जन ने बताया कि ठेकेदार ने जल्द ही सफाई व्यवस्था सुचारू करने का भरोसा दिया है और स्थानीय कर्मचारी अनावश्यक दबाव बना रहे हैं। जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते अस्पताल परिसर की हालत कचरा घर जैसी हो गई है। वार्डों, गलियारों और अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी और कचरा फैला हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। इस स्थिति को देखते हुए नवभारत सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें और अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कचरा इधर-उधर न फेंकें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साथ ही सुझाव दिया गया है कि अस्पताल प्रशासन प्रत्येक बेड के पास एक बड़ा डस्टबिन रखवाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को कचरा डालने में सुविधा हो और अस्पताल में स्वच्छ वातावरण बना रहे।



### संक्रमण फैलने का बढ़ा खतरा

सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते अस्पताल परिसर की हालत कचरा घर जैसी हो गई है। वार्डों, गलियारों और अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी और कचरा फैला हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

## लोक अदालत में प्रकरण निराकृत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय सहित तहसील निवाड़ी, जतारा एवं ओरछा न्यायालय में किया गया। न्यायालय परिसर स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।**

नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ समारोह में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश अशरफ अली सहित सभी न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज एलएडीसीएस के पदाधिकारीगण सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गर्म हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। रविवार को तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को यह 38.5 डिग्री सेल्सियस था।**

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को हवा में 26 प्रतिशत आर्द्रता रहेगी। आज अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। शनिवार तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा। अगले रविवार से तापमान में और अधिक वृद्धि होगी। जिसके बाद अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। रात का तापमान भी बढ़कर 30 से 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

रात में भी गर्म हवाएं चलने के आसार हैं।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।